Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to make provision for FM radio in small cities.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): अध्यक्ष जी, पहले तो मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ कि आप पिछले साढ़े तीन घंटे से लगातार बैठे हैं । मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का भी धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने मुझे यहां तीसरी बार आने का मौका दिया है । मैं अपने क्षेत्र की जनता का भी बहुत-बहुत आभारी हूँ । मैं आपके माध्यम से संचार मंत्री जी से इतना कहना चाहूंगा कि पिछले कई सालों से जो मैट्रो सिटी है, जो बड़ी सिटी है, टाउन है, वहां तो एफ.एम. रेडियो की व्यवस्था है, लेकिन आज देश में बहुत सी ऐसी छोटी सिटीज़ हैं, टाउन्स हैं, जहां अभी तक एफ.एम. रेडियो की व्यवस्था नहीं है ।

आज मोदी जी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है, जैसे स्किल इंडिया हो, मेक इन इंडिया हो, स्टार्ट-अप इंडिया हो, स्टैंड अप इंडिया और डिजिटल इंडिया हो । इसके माध्यम से आज देश आगे बढ़ रहा है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहूँगा कि जो छोटा सिटी है, वहाँ भी एफएम रेडियो की व्यवस्था हो, जिससे विद्यार्थियों को, स्टूटेंट्स को, सभी को इस एफएम रेडियो की व्यवस्था मिल जाए । मैं आधे मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूँ । जिन डिस्ट्रिक्ट्स में एफएम की व्यवस्था है, वहाँ कम वॉल्ट की बैटरी होने से पूरे टाउन को उसकी व्यवस्था नहीं मिल रही है । उसको भी पूरे वॉल्ट की बैटरी मिले । मैं आपके माध्यम से इतना ही कहना चाहूँगा । बहुत-बहुत धन्यवाद ।